सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 22 मार्च, 2024

शुक्रवार को राजभवन में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वृंदावन से आए टीम अवध के कलाकारों द्वारा फूलों की होली खेली गई। इस होली मिलन में कलाकारों द्वारा कृष्ण लीला पर आधारित अपनी सुंदर प्रस्तुतियां दी। कलाकारों ने फूलों की होली के साथ–साथ लट्ठ मार होली के माध्यम से भी अपनी प्रस्तुतियां दी जिनका उपस्थित लोगों ने खूब आनंद लिया।

होली मिलन कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग करते हुए सभी लोगों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि टीम अवध के कलाकारों द्वारा अपने ही अंदाज में एक अलग ही प्रस्तुति दी है। यहां की होली विश्व भर के लोगों को आकर्षित करती है जिसमें अलग ही उमंग और उत्साह देखने को मिलता है। उन्होंने वृंदावन से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों के लिए उनका धन्यवाद किया।

इस दौरान ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने उपस्थित बिहार के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार की पवित्र भूमि उन महान विभूतियों की याद दिलाता है जिन्होंने इस धरती से उठकर विश्व भर में अपनी छाप छोड़ी है। यह राज्य संस्कृति के विविधतापूर्ण और समृद्धता के ताने–बाने से परिपूर्ण है। अनेक लोक पर्व के लिए प्रसिद्ध बिहार का मुख्य लोक पर्व छठ पूजा पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

इस कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एडीजी अमित सिन्हा, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव सचिन कुर्वे, आईजी विम्मी सचदेवा रमन, निदेशक संस्कृति बीना भट्ट, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, एजीएफ ट्रस्ट वृंदावन के अवधेश महाराज, अनुज गोविंद सहित राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

..........0..........